Bihar Crime:मोतिहारी में नकली डिटर्जेंट फैक्ट्री का भंडाफोड़ ,पुलिस ने भारी मात्रा में रैपर,पैक सर्फ सहित दो को किया गिरफ्तार

Bihar Crime: स्वर्ण प्रभात के मोतिहारी पुलिस का कप्तान बनते हीं उनका विभाग एक्शन में है। अपराधियो, धंधेबाजों पर पुलिस नकेल कसने में जुटी हुई है। इसी क्रम में मोतिहारी पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए NH-27 स्थित एक भवन में चल रही नकली व्हील डिटर्जेंट पावडर की मिनी फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की कार्रवाई करते हुए दो अपराधियों को दबोच लिया है।

छापेमारी के दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में एक किलो और आधा किलो के पैकेटों में पैक किया हुआ नकली व्हील डिटर्जेंट पावडर, खाली पैकेट, सिलाई मशीन, वजन तौलने वाली मशीन, एक पिकअप वाहन और अन्य उपकरण बरामद किए हैं।

सीओ की मौजूदगी में पुलिस ने फैक्ट्री को सील कर दिया है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और इस मामले में अन्य लोगों की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है। बता दें कि कोटवा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर सीओ की उपस्थिति में छापेमारी कर नकली व्हील डिटर्जेंट पावडर के मिनी फैक्ट्री का उद्भेदन किया। पुलिस ने भारी मात्रा में पैकिंग एक किलो आधा किलो व्हील सिर्फ ,रैपर ,बिना पैक माल,पिकआप पर लोड सर्फ ,वेट मशीन,सिलाई मशीन सहित बरामद किया है।

Source: https://news4nation.com/bihar/crime/bihar-news-fake-detergent-factory-busted-in-motihari-police-arrested-two-people-107868